तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 23 सितम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 भक्ति भाव के साथ जगह-जगह विराजीं जगत जननी मां दुर्गा





**बवासीर का आधुनिक इलाज**
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
**गुप्ता हॉस्पिटल**
**डॉ. शुभम् गुप्ता**
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
**7400009183**


## खबर संक्षेप

### शासकीय सेवकों के प्रोफाइल अपडेशन का कार्य 30 तक

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि विभाग के अधीनस्थ समस्त शासकीय सेवकों का प्रोफाइल इंप्लॉय कॉर्नर एप अथवा इंप्लॉय कार्नर पोर्टल के उपयोग हेतु जानकारी अद्यतन किया जाना है। प्रोफाइल अपडेशन (ई केवाईसी) का कार्य 30 सितम्बर तक पूर्ण किया जाना है। (ई केवाइसी) का कार्य की पूर्णता का प्रमाण-पत्र माह सितम्बर के वेतन देयक के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर कार्यालय के शासकीय सेवकों का प्रोफाइल अपडेशन (ई केवाईसी) का कार्य 30 सितम्बर के पूर्व पूर्ण कराने कहा है। जिससे शासकीय सेवकों को कोई असुविधा न हो।

### जिले में 1 अक्टूबर से लागू होगा नो हेलमेट नो पेट्रोल नियम

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन नो हेलमेट, नो पेट्रोल पर कार्य करेगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि 1 अक्टूबर से नो हेलमेट, नो पेट्रोल नियम का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। बिना हेलमेट किसी भी पेट्रोल पंप से पेट्रोल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। साथ ही नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी दो पहिया वाहन विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने शोरूम में पर्याप्त मात्रा में हेलमेट रखें, ताकि आम नागरिकों को इसकी उपलब्धता में कोई समस्या न हो। उन्होंने केवल आईएसआई प्रमाणित हेलमेट ही निर्धारित मूल्य पर बिक्री करने को कहा है।

### लो-प्रेशर के प्रभाव से बदलेगा मौसम, होगी बारिश

**अम्बिकापुर।** मानसून द्रोणिका के प्रभावहीन होने के बाद वर्षा की रफ्तार अब कम हो गई है तथा पूरे दिन धूप निकलने के कारण एक बार फिर उमस बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी 24 को खाड़ी में नया लो-प्रेशर सक्रिय होने के साथ ही एक बार फिर अच्छी वर्षा होने एवं मौसम के तीन दिनों तक प्रभावित रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वर्तमान में राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू हो गई है साथ ही मानसून द्रोणिका भी प्रभावहीन हो गई है। ऐसे में छिटपुट बारिश हो रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण पूरे दिन धूप निकल रही है जिससे उमस बढ़ गई है। लोगों को उमस से राहत के लिए दिन रात एसी व पंखा चलाना पड़ रहा है। बंगाल की खाड़ी में म्यांमार के पास कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है लेकिन उसका प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानी दक्षिण उड़ीसा की खाड़ी में 24 को एक नया लो प्रेशर सक्रिय होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। लो प्रेशर के छत्तीसगढ़, एमपी के रास्ते गुजरात की ओर बढ़ने का अनुमान है। लो प्रेशर की सक्रियता से लगातार तीन दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने एवं अच्छी वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी लो-प्रेशर का प्रभाव बिलासपुर संभाग पर अधिक पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि लो प्रेशर के प्रभाव से 24 सितंबर से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं आगामी तीन दिनों तक वर्षा होने की संभावना है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### मोबाइल खरीदने के लिए रूपए नहीं देने पर किशोर ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम सैदबार निवासी दिलेश्वर राम नामदेव (17 वर्ष) 17 सितंबर को मोबाइल खरीदने के लिए मां राज कुमार से 5 सौ रूपए की मांग की। जिस पर मां ने पैसा नहीं दी। इधर पैसा नहीं मिलने से नाराज होकर दिलेश्वर ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। किशोर के उल्टी करने तथा तबीयत बिगड़ जाने से तत्काल बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। दो दिन बाद भी जब किशोर के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान रविवार की शाम किशोर की मौत हो गई।

# शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापना, लगा रहा भक्तों का तांता
- जगमगाए मनोकामना दीप

मां दुर्गा की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो गया है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में माता के दर्शन हेतु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने देवी मंदिरों में माता की विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ ही मनोकामना दीप प्रज्वलित कर अपने व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही आज विभिन्न समितियों द्वारा दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा के प्रतिमाओं की स्थापना कर हवन पूजन के साथ ही कलश स्थापित किए गए। देवी मंदिरों व पंडालों में पूजा अर्चना का दौर देर रात तक चलता रहा।



महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

मां दुर्गा की उपासना के पर्व शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तों द्वारा लम्बे समय से तैयारियां चल रही थी। विभिन्न पूजन समितियों द्वारा विशाल दुर्गा पंडालों का निर्माण कराने के साथ ही मंदिरों में विशेष साफ सफाई व सजावट कराए जा रहे थे। इसके साथ ही शहर की सड़कों को भगवा रंग से सजाया गया है और रौशनी की गई है। शारदीय नवरात्र के पहले दिन सोमवार को सुबह से ही शहर के प्रमुख महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, समलाया मंदिर, गौरी मंदिर, वनदेवी मंदिर, गायत्री मंदिर, सूरजपुर जिले के कूदरगढ़ धाम सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। भक्तों ने मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की करने की। इसके साथ ही भक्तों द्वारा मंदिरों घी व तेल के मनोकामना दीप प्रज्वलित कर अपने व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पूजा अर्चना का यह दौर देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान सरगुजा की अराध्य देवी मां महामाया मंदिर में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर में धूप से बचने के लिए समिति द्वारा शेड की व्यवस्था भी की गई थी।

शारदीय नवरात्र को लेकर सरगुजा का माहौल भक्तिमय हो गया है। मंदिरों के साथ ही दुर्गा पंडालों में माता के भक्ति गीतों के साथ ही भजन गुंजायमान है। मंदिरों के साथ ही भक्तों ने अपने घरों में भी विधिवत मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस विभाग और जिला प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये है और मंदिरों व पंडालों के साथ ही चौक चौराहों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### दस दिनों तक चलेगी नवरात्रि

खास बात यह है कि इस बार शारदीय नवरात्रि दस दिनों की होगी। नवरात्रि के दौरान चतुर्थी तिथि दो दिन पड़ रही है ऐसे में चतुर्थी तिथि के बाद की तिथियां एक दिन आगे बढ़ गई है। पहले दिन मंदिरों, पंडालों के साथ घर-घर कलश स्थापना की गई और इसके साथ ही दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। शारदीय नवरात्रि पर भक्तों का उपवास भी शुरू हो गया है जो निरंतर दस दिनों तक जारी रहेगा। पहले दिन लोगों ने देवी शैलपुत्री की पूजा की जबकि मंगलवार को देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी। 10 दिनों के नवरात्रि के बाद 11वें दिन दशहरा मनाया जाएगा।

### देर शाम तक हुई मूर्ति स्थापना

नवरात्रि के पहले दिन दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। शारदीय नवरात्र को लेकर विभिन्न पूजन समितियों द्वारा भव्य व आकर्षक पंडालों का निर्माण कराया गया है इसके साथ ही माँ दुर्गा की विशाल प्रतिमा की स्थापना की गई है। भक्तों द्वारा सुबह मुहूर्त में माता दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना की और कलश के साथ ही मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की। पंडालों में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना का दौर देर रात तक जारी रहा। इस दौरान पहले दिन ही जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया।

### ग्राम सरगा खजूरपारा में सोमवार को तड़के 4 बजे की घटना

# कुआं बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरा दंतैल, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

**खास बात**
- जेसीबी से स्लोप बनाने के बाद सुरक्षित बाहर निकला दंतैल

सोमवार को तड़के वन परिक्षेत्र सीतापुर अंतर्गत ग्राम सरना खजूरपारा में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक दंतैल कुंआ बनाने के लिए खोदे गहरे गड्ढे में गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने जेसीबी से रास्ता बनवाया तो गड्ढे से निकलकर जंगल की ओर चला गया।

दल से बिछड़ा एक दंतैल लंबे समय से वन परिक्षेत्र सीतापुर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। सोमवार को तड़के 4 बजे दंतैल ग्राम सरगा खजूरपारा बस्ती में घुस गया इस दौरान बस्ती किनारे बने एक घर के किनारे पगडंडी से गुजरने के दौरान दंतैल फिसलकर कुंआ बनाने के लिए पूर्व में खोदे गए 25 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में कीचड़ एवं पानी होने के कारण दंतैल लंबे समय तक बाहर निकलने की मशक्कत करता रहा तथा सफलता नहीं मिली तो तेज आवाज में चिंघाड़ने लगा। दंतैल की चिंघाड़ सुनकर घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन अधिकारियों को दी। उपवन मंडलाधिकारी सपना मुखर्जी के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र सीतापुर की टीम पहुंची। वन अमले के पहुंचने के उपरांत जेसीबी पहुंची। स्थल निरीक्षण के उपरांत जेसीबी से गड्ढे की मिट्टी काटकर स्लोप तैयार किया गया। जेसीबी से मिट्टी काटने के दौरान भी दंतैल लगातार बाहर निकलने की कोशिशें करता रहा। जैसे ही स्लोप तैयार हुआ दंतैल गड्ढे से बाहर निकलकर खेतों के रास्ते जंगल की ओर चला गया। दंतैल को गड्ढे से बाहर निकालने के लिए वन अमले को दो घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। दंतैल के गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकलने एवं जंगल की ओर जाने पर वन अधिकारियों ने राहत की सांसे ली।



हाथी को निकलने के लिए जेसीबी से रास्ता बनाते कर्मचारी।

### रौंद रहा फसलों को

लम्बे समय से अकेले भ्रमण करने के कारण दंतैल आक्रोशित हो गया है तथा पूरी रात इधर-उधर भ्रमण कर रहा है। दंतैल लंबी दूरी तय कर कुछ ही घंटे में दूसरे इलाके में पहुंच जाता है। दंतैल द्वारा लगातार अपना ठिकाना बदलने के कारण वनकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हाथी लगातार धान व मक्के की फसल को तबाह कर रहा है। वन अमला दंतैल की निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को सावधानी बरतने एवं जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दे रहा है।

### किया गया रेस्क्यू

सुबह दंतैल के कुआं बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में दंतैल के गिरने की सूचना मिली थी। जेसीबी की मदद से स्लोप तैयार कर दंतैल का रेस्क्यू किया गया। दंतैल स्वयं बाहर निकलकर जंगल की ओर चला गया। दंतैल की निगरानी की जा रही है।

-सपना मुखर्जी
उपवन मंडलाधिकारी, सीतापुर

# प्रेमी ने गला घोंटकर की थी प्रेमिका की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- पांगन नदी किनारे मिली थी नाबालिग की लाश, आपसी विवाद में दिया घटना को अंजाम

**अम्बिकापुर।** सनावल के पांगन नदी किनारे नाबालिग की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। किशोरी की हत्या उसके प्रेमी ने ही की थी। आपसी विवाद के दौरान आरोपी ने गले में लपेटे हुए स्टॉल को खींच दिया जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। प्रेमिका की मौत के बाद आरोपी भागकर यूपी चला गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



बता दें कि 18 सितम्बर को सनावल के तारकेश्वरपुर टुकु पाथर पारा के पांगन नदी किनारे एक नाबालिग की लाश मिली थी। किशोरी रात को खाना खाने के बाद कमरे में सोने गई थी लेकिन अगले सुबह नदी किनारे उसकी लाश मिलने से हड़कंप मच गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त पुलिस के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद जांच शुरू की गई। एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने संदेही यूपी सोनभद्र के बभनी तेंदूवल निवासी 24 वर्षीय शिव नारायण सिंह आ. देवी चरण सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 17 सितम्बर की रात 11 बजे शराब पीने के बाद वह अपनी नाबालिग प्रेमिका से मिलने के लिए टुकुपाथर पांगन नदी किनारे गया था। इस दौरान प्रेमिका का मोबाइल फोन अक्सर व्यस्त रहने को लेकर हुए विवाद में मृतिका को थप्पड़ मारा और वहां से नदी के तरफ चला गया। इस दौरान किशोरी भी उसके पीछे पीछे नदी तरफ गई और शिव नारायण के स्टॉल को लेकर अपने चेहरे और गले में लपेट लिया। नदी किनारे विवाद के दौरान आक्रोशित होकर शिव नारायण ने किशोरी के गले में लपेटे हुए स्टॉल को खींच दिया जिससे वह जमीन पर गिर गई और बेहोश हो गई। युवक ने प्रेमिका के मुंह पर पानी मारकर उठाने का प्रयास किया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। प्रेमिका की मृत्यु के बाद स्टॉल को उठाकर नदी में फेंकने के बाद वह भाग निकला। इस दौरान उसने मृतिका के मोबाइल फोन का सिम निकालकर धान के खेत में फेंक दिया और रातभर वहीं रहा। 18 सितम्बर को सुबह 8 बजे वह अपने घर गया और मोबाइल फोन को घर में ही छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी के बयान के आधार पर मोबाइल फोन और सिम कार्ड धनवार के निर्माणाधीन मकान के पास जवाहिर के धान खेत से बरामद कर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में एसडीओपी राम अवतार ध्रुव, एसडीओपी बाजी लाल सिंह, थाना प्रभारी गजपति मिर्रे, सउनि रोशन लकड़ा, आरक्षक कृष्णा मरकाम, अमृत सोनवानी, प्रेमलाल कुजूर, प्रविन्द्र कुजूर, एवं साइबर सेल से आरक्षक मंगल सिंह, पंकज शर्मा, राजकमल सैनी सक्रिय रहे।

# ड्रेसिंग के दौरान मरीज की जेब से ड्रेसर ने पार किए 7 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई घटना से हड़कंप, बाद में लौटाया गया 5 हजार रुपए

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ड्रेसिंग के दौरान एक मरीज की जेब से 7 हजार रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। मरीज को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भर्ती कराया गया था और सोमवार को ही उसे आईसीयू से सर्जिकल वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के बाद मरीज के 5 हजार रुपए बरामद कर मरीज को वापस लौटा दिया है लेकिन इस घटना से अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है।



बताया जा रहा है कि मूलतः बिहार के मध्यपूरा लवालगाम निवासी मोहम्मद जसीम नादाब आ. जहीर नादाब कुसमी में रहकर ऑटो चलाने का काम करता है। रविवार को जसीम की ऑटो कुसमी के समीप किसी घाट के पास खराब हो गई जिसके बाद चालक ऑटो को खड़ी कर पीछे बैठकर मरम्मत का काम कर रहा था। इस दौरान अचानक ही ऑटो पीछे लुढक गई और चालक के ऊपर चढ़ गई। ऑटो के ऊपर चढ़ने से जसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। ऐसे में उसे कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से चालक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जसीम को आईसीयू में रखकर उपचार किया जा रहा था। सोमवार को मरीज की हालत में सुधार होने के बाद उसे अस्पताल के सर्जिकल वार्ड के यूनिट 3 में रखा गया था। आरोप है कि वार्ड में वह एक हाफ पैंट पहनकर था और पैंट की जेब में 7 हजार रुपए नगद रखा था। इसी दौरान वार्ड में एक ड्रेसर उसके जख्मों की सफाई करने के लिए आया हुआ था और ड्रेसर के जाने के बाद जब उसने अपनी जेब चेक की तो 7 हजार रुपए गायब थे। ऐसे में उसने इसकी जानकारी वार्ड में मौजूद नर्सिंग स्टाफ को दी। मरीज के जेब से रुपए चोरी होने की घटना के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन में प्रबंधन ने मामले की जांच शुरू की और ड्रेसर की पहचान करने के बाद उसके पास से 5 हजार रुपए बरामद किया और मरीज को वापस कर दिया गया है।

### सुरक्षा पर उठे सवाल

सबसे बड़ी बात यह है कि अस्पताल में आए दिन मरीजों के मोबाइल फोन, बाइक चोरी आम घटनाएं हो गई है। इसके साथ ही मरीजों के पर्स चोरी हो जाते है तो कभी पाकिटमारी हो जाती है। चोर मरीजों के बर्तन तक उठाकर ले जाते है। ऐसे में अब मरीज की जेब से अस्पताल प्रबंधन से जुड़े लोग ही चोरी करने लग गये है जिससे अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे है। हैरानी की बात तो यह है कि प्रबंधन ने कर्मचारी से 5 हजार रुपए लेकर वापस भी लौटा दिया लेकिन मरीज को दो हजार रुपए का नुकसान उठाना पड़ा।

### चल रही है जांच

घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. आरसी आर्य
अस्पताल अधीक्षक




## खबर संक्षेप

### कश्यप कहार समाज की नई कार्यकारिणी गठित





**अंबिकापुर।** शहर के स्थानीय होटल में कश्यप कहार समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के संरक्षकों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। पूर्व अध्यक्ष संतोष कश्यप के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात समाज की पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए अमरनाथ कश्यप को समाज का नया अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव वरिष्ठ सदस्य हरिशंकर कश्यप ने रखा, जिसका समर्थन सुनील कश्यप ने किया। साथ ही दीपक कश्यप को कोषाध्यक्ष एवं भंडारण की जिम्मेदारी सौंपी गई। नव नियुक्त अध्यक्ष अमरनाथ कश्यप ने जानकारी दी कि दशहरा पर्व के बाद समाज की पूर्ण कार्यकारिणी टीम की घोषणा की जाएगी। बैठक में श्याम कश्यप बेचैन, लखन कश्यप, प्रवीण सिंह, सुदामा कश्यप, भोला कश्यप, प्रकाश कश्यप, नरेंद्र कश्यप, अनिल कश्यप, अम्बरीष कश्यप, अमोघ कश्यप व अन्य मौजूद थे।

### अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई खेल प्रतियोगिताएं



**शंकरगढ़।** अग्रसेन जयंती अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाई जा रही है। अग्रवाल समाज द्वारा अग्रेशन जयंती के उपलक्ष में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं, पुरुषों एवं बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुर्सी दौड़, कैरम, लूडो ,चेस ,सिप ,गेंद से निशाना लगाओ, मटकी फोड़, चम्मच दौड़ सहित अन्य खेल का आयोजन किया गया। विजेताओं को शील्ड एवं अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पुष्कर अग्रवाल, उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, संरक्षक रोशनलाल अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रजत जयंती पर नगर पंचायत भटगांव में हुए विविध कार्यक्रम



**सोनगरा।** राज्य सरकार के रजत जयंती वर्ष के तहत आज नगर पंचायत भटगांव में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत द्वारा चिन्हांकित स्थल पर नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश्वरी रजवाड़े, जनप्रतिनिधि, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुशवाहा, उप अभियंता नीतीश गुप्ता, स्वच्छता कर्मचारियों, गैर-सरकारी संगठनों, स्व-सहायता समूहों एवं नागरिकों ने पौधरोपण किया। साथ ही प्रमुख उद्यानों, बगीचों एवं वाटिकाओं में युवा संगठनों द्वारा स्वच्छता संदेश देते हुए श्रमदान कर साफ-सफाई की।

### विधायक के खिलाफ आपत्ति जनक टिप्पणी पर कार्यकर्ताओं ने की थाने में शिकायत



**सोनगरा।** विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। कार्यकर्ताओं ने धन सिंह धुर्वे नामक व्यक्ति के खिलाफ थाना भटगांव में शिकायत दर्ज कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी से की गई शिकायत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि 17 सितंबर को जनपद पंचायत प्रतापपुर में धन सिंह धुर्वे ने बिना अनुमति के एक जनसभा आयोजित की। उन्होंने विधायक के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इससे उनके सम्मान को ठेस पहुंची है और वे खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं और दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान मुकेश सिंह, गोपाल शरण सिंह, विकास तिवारी, प्रतीक जायसवाल, मीना श्रीवास्तव, धनेश्वर राजवाड़े, शुभम जायसवाल, बसंत यादव, सुनीता, धन्नजय सिंह, नागेंद्र सिंह, ओपी सिंह, कैलाश पैकरा, नारायण मजूमदार, रामस्वरूप सिंह, सलमान सिंह, शिवकुमार, जलंधर राजवाड़े, सुजीत मेहता, अशोक कुमार, रामनरेश, द्वारिका सिंह, कलेश्वर, शशिरंजन सिंह, शिवप्रसाद, अनिल, रोहित सिंह, विवेक सिंह, अमित सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामसागर राजवाड़े, घमोत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगाकर ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र की नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी राजेश कुर्रे पिता स्व. हंसलाल कुर्रे 22 वर्ष को बिश्रामपुर पुलिस ने जरही से पकड़कर उसे सूरजपुर न्यायालय पेश किया है,पुलिस ने बताया कि नाबालिग के अपहरण की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की पता तलाश और नाबालिग के दस्तयाब के प्रयास में जुटी थी ,तभी दोनों के जरही में होने की सूचना पर दोनों को जरही से पकड़ पूछताछ के बाद आरोपी को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है, वही नाबालिग युवती को परिजन के सुपुर्द किया गया है।

## अब मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रही शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानें

# नगर पंचायत व्यावसायिक परिसर की 15 दुकानों का पौने पांच लाख रुपए किराया बकाया



व्यवसायिक परिसर स्थित नगर पंचायत की दुकानें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा बस स्टैंड के उत्तर दिशा में वर्ष 2015-16 में निर्माण की गई व्यवसायिक परिसर की 15 दुकाने अब मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रही हैं,उक्त व्यवसायिक परिसर की दुकानों के निर्माण करने का उद्देश्य नगर में व्यापार व रोजगार को बढ़ावा देने व राजस्व शुल्क की वृद्धि करना था।

**खास बात**
- दस साल पूर्व हुआ था निर्माण

यहां पर निर्माण पश्चात नीलामी प्रक्रिया से अलग अलग लोगों को अधिकतम बोली लगने पश्चात सफल लीजधारकों को दुकान आबंटित सन 2016-17 में कर दी गई,लेकिन समय गुजरने के साथ मेंटेनेंस के अभाव में कई दुकानों की छतों व दीवारों में बड़ी दरारें पड़ गई हैं एवं अब इनकी स्थिति दयनीय हो गई है। बारिश के मौसम में छतों से सीपेज़ होने लगती है जिससे बचने कई दूकान संचालकों द्वारा दुकानों की छत पर तिरपाल लगाकर काम चलाया जा रहा है,इसका मुख्य कारण नगर पंचायत प्रबंधन की सुस्त कार्यशैली व कार्य में लापरवाही बरतने को बताया जा रहा है।

### दुकान क्रमांक 6 एवं 9 का करीब सवा लाख रूपए किराया बाकी

नपं बिश्रामपुर से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मिली जानकारी अनुसार दुकान क्रमांक 6 का लीजधारक अनिल राय नामक व्यक्ति है इनका एक हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से अप्रैल 2020 से किराया लंबित है जिसकी किराया वसूली की राशि अगस्त माह 2025 तक 64 हजार रुपये पहुंच चुकी है। इसी प्रकार दुकान दुकान क्रमांक 9 को सतपता निवासी दुर्गा यादव को लीज पर दी गई है। इन्होंने भी नगर पंचायत को अप्रैल 2021 से किराया भुगतान नहीं किया है जिसकी कुल बकाया किराया राशि 52 हजार रुपये पहुंच चुकी है। आबंटित हुए 15 दुकानों में से सिर्फ दो दुकानों की ही किराया वसूली राशि 1 लाख 16 हजार रुपए पहुंच चुकी है। हैरान कर देने वाली बात ये है कि अब तक दुकान खाली कराने या किराया वसूली करने की कार्यवाही करने हेतु कोई भी नोटिस नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा सम्बंधित दुकानदारों को जारी कर तामिल नहीं कराया गया है जिससे कि नगर पंचायत प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर होती है।

नपं प्रबंधन द्वारा समय रहते न ही व्यवसायिक परिसर की मरम्मत कराई गई और न ही किराया वसूली करने में सक्रियता दिखाई गई। ऐसे में नगर प्रशासन को दोहरी आर्थिक क्षति पहुँच रही है,शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग तो जर्जर हो ही गई है साथ ही दुकानदारों से कई लाख रुपये की किराया वसूली भी लंबित है।

### नाश्ता होटल संचालक द्वारा कोयला भट्ठा बनाकर अनाबंटित दुकान में किया गया है अतिक्रमण



अनुबंध की शर्तों की अवहेलना करते हुए दुकान क्रमांक 9 स्थित यादव होटल के संचालक द्वारा दुकान के ठीक बगल में अनाबंटित दुकान क्रमांक 10 जिसमें से प्रथम तल जाने के लिए सीढ़ी बनी हुई है,उस गलीनुमा जगह में भी अतिक्रमण कर कोयला भट्ठा जलाकर नाश्ता होटल संचालित किया जा रहा है। रोजाना कोयला भट्ठा जलने के कारण उड़ते धुंए से अगल बगल की दीवारें पूरी तरह काली पड़ चुकी हैं एवं उसमें दरारें आ गई हैं, किरायानामा अनुबंध में दर्ज नियमें अनुसार अनुबंधकर्ता लीजधारक द्वारा कॉम्प्लेक्स के बरामदे समेत अन्य किसी जगह को बाधित नहीं करेगा,स्थल में किसी प्रकार का बिना अनुमति परिवर्तन नहीं करेगा,बिना अनुमति किसी प्रकार के परिवर्तन करने पर किराया दर दोगुना कर दिये जाने की बात लिखी गई है,जबकि अधिकतर शर्ते व नियमों का उल्लंघन करते हुए यादव होटल के संचालक द्वारा न्यूनतम पुराना निर्धारित किराया शुल्क को भी पिछले चार वर्षों के अधिक समय से जानबूझकर पटाया नहीं जा रहा है।

### विगत नौ वर्षों से नहीं बढ़ा किराया राशि का दर

नपं व्यवसायिक परिसर की दुकानों का हुए किरायानामा अनुबंध में दर्ज शर्तें अनुसार प्रथम चरण में 1 हजार रुपये प्रति माह किराया दर निर्धारित हूआ था,जिसे हर तीन साल में अनुबंध नवीनीकरण किया जाना था। इस नवीनीकरण अनुबंध में न्यूनतम 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ किराया राशि दर बढ़ाकर निर्धारित की जानी थी लेकिन 9 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक मात्र 1 हजार रुपये दुकान का किराया दर टिका हुआ है,जिस मामूली रकम को भी लापरवाह व हठी दुकानदार जानकर भी नहीं पटा रहे हैं। व्यवसायिक परिसर में कुछ ऐसे भी लीजधारक दुकानदार हैं जो किसी दूसरे व्यक्ति को किराये एग्रीमेंट में रखकर उनसे 8 से 10 हजार रुपये की राशि वसूल रहे हैं। अनुबंध में दर्ज नियम एवं शर्तें अनुसार किसी भी लीजधारक दुकानदार द्वारा लगातार दो माह का किराया राशि भुगतान नहीं कर पाने की स्थिति में नगर पंचायत प्रबंधन दुकान का आबंटन निरस्त कर किसी अन्य इच्छुक व्यक्ति को लीज पर देने के लिए स्वतन्त्र होगा,जिसका भी पालन नपं प्रबंधन द्वारा नहीं कराया जा सका है।

### की जाएगी विधिवत कार्रवाई

मामला संज्ञान में आया है। कई बार मौखिक रूप से लीजधारक दुकानदारों को किराया राशि जमा करने के लिए कहा गया है। सम्बंधित लोगों को नोटिस जारी कर विधिवत कार्यवाही की जाएगी। छत की मरम्मत के लिए दुकानदारों के साथ बैठक कर निर्णय लिया जायेगा।

-सुशील कुमार तिवारी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नपं बिश्रामपुर



## ऑडिटोरियम भवन में वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सेवा पखवाड़ा के तहत तिलसिवां स्थित ऑडिटोरियम भवन में प्रबुद्ध वर्ग संवाद एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों व प्रबुद्धजनों का सम्मान कर सेवा भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश से अवगत कराया गया, साथ ही जनसेवा भावना से प्रेरित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई है और 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा लगाने की बात कही। प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने सेवा के भाव को सर्वोपरि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। कलेक्टर एस जयवर्धन ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता, श्रमदान, नशा मुक्ति, बाल विवाह रोकने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अतिथियों द्वारा 7 वरिष्ठ नागरिकों, 21 सेवानिवृत्त शिक्षक व महिलाओं सहित लगभग 80 प्रबुद्धजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, स्वाती सिंह, श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े, शैलेष गोयल, मुरली मनोहर सोनी, शशिकांत गर्ग, अजय गोयल, राजेश महलवाला, अशोक सिंह, ललित गोयल, मुकेश गर्ग, संदीप अग्रवाल, संत सिंह, दीपक गुप्ता, शिव प्रसाद सिंह, थलेश्वर साहू, रितेश जायसवाल, संजू सोनी, अजय अग्रवाल, अरविंद मिश्रा, दीपेन्द्र सिंह चौहान, लालती सिंह, सत्यनारायण सिंह, राजेश्वर तिवारी, बांके बिहारी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

### सालाना बोनस को लेकर मानकीकरण समिति की बैठक पर कोलकाता हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया अंतर्गत आने वाले लाखों कोयला श्रमिकों की बोनस और वेतनमान से जुड़ी बहुप्रतीक्षित बैठक पर प्रश्न चिन्ह लग गया है,कोलकाता हाईकोर्ट ने मानकीकरण समिति की बैठक पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है,जिससे कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों में काम कर रहे 2 लाख 20 हजार श्रमिकों के बोनस पर संकट खड़ा हो गया है,गौरतलब है कि 22 सितंबर सोमवार को बोनस के मुद्दे पर मानकीकरण समिति की बैठक प्रस्तावित थी,जिसमें एचएमएस, बीएमएस,एटक,सीटू सहित तमाम प्रमुख यूनियनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था,लेकिन हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से यह बैठक टल गई है,बताया गया कि पहले सिंगल बेंच ने इंटक से संबद्ध राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन को बैठक में शामिल करने का आदेश दिया था, कोल इंडिया ने इस फैसले को चुनौती देते हुए डबल बेंच में याचिका दायर की थी,जिस पर डबल बेंच ने सिंगल बेंच का आदेश बरकरार रखते हुए बैठक को स्थगित करने के निर्देश दिए हैं,इस रोक के बाद देशभर के 2.20 लाख श्रमिकों के बोनस भुगतान पर प्रश्नचिह्न लग गया है,यूनियन नेताओं का कहना है कि त्योहारी सीजन में मजदूरों को बोनस का बेसब्री से इंतजार रहता है। अदालत के फैसले में देरी का खामियाजा सीधे श्रमिक वर्ग को भुगतना पड़ेगा।

## दो बीट गार्ड की मनमानी से ग्रामीण परेशान, ग्राम सभा में दोनो को हटाने पारित किया गया प्रस्ताव

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के टुकुड़ाड़, मसगा, सोनपुर और पड़ीपा क्षेत्र में बीट गार्ड की मनमानी और वन विभाग की लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने ग्राम सभा में दोनों बीट गार्ड को हटाने प्रस्ताव पारित किया और विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। मांग पूरी नही होने पर वन परिक्षेत्र कार्यालय के सामने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

- विभाग के अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी




ग्रामीणों का आरोप है कि पांच साल से लगातार एक ही स्थान पर बीट गार्ड नरेंद्र कुमार राजवाड़े और धीरेन्द्र सिंह डटे हुए है। बावजूद इसके विभाग चुप्पी साधे बैठा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों बीट गार्ड गांव के ही कुछ लोगों से मिलीभगत कर जंगल कटवा रहे हैं। लकड़ी बेचने से लेकर पकड़ी गई लकड़ी को रिश्वत लेकर छोड़ देने जैसे मामले आम हो गई हैं। इसके अलावा हाथी प्रभावित इलाकों में समय पर सूचना नहीं देना और जंगल किनारे पेड़ों की अवैध कटाई के बाद हुए अतिक्रमण पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती। इस संबंध में कई बार सरपंच के साथ गांव के लोगों द्वारा शिकायत की गई लेकिन आज तक किसी प्रकार कार्रवाई नही हो सकी। 31 अगस्त को आयोजित ग्राम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से दोनों बीट गार्ड को तत्काल हटाने का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही सत्यापित आवेदन के साथ वन विभाग को सौंप दी। इससे पहले भी 4 जून को शिकायत की गई थी, जिस पर रेंजर ने हटाने का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो वन विभाग कार्यालय के सामने उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### गन्ना किसानों की जीत बकाया राशि का भुगतान पूरा

**प्रतापपुर।** मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता के 2024–25 पेराई सीजन की बकाया राशि का अब किसानों को प्राप्त हो गई है। यह सफलता किसानों की एकजुटता और संघर्ष का परिणाम है। गौरतलब है कि 25 अगस्त को जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों ने कारखाने के सामने उग्र धरना प्रदर्शन किया था। किसानों की मांग थी कि समय पर उनका भुगतान किया जाए। धरना के दौरान प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि 20 दिनों के भीतर सभी किसानों का बकाया भुगतान कर दिया जाएगा। अब तय समय सीमा के भीतर ही किसानों के खातों में राशि पहुंचा दी गई है। भुगतान मिलने पर सुरेश आयाम ने कहा कि किसानों की एकजुटता ने ही यह जीत दिलाई है। अगर किसान संगठित होकर अपनी आवाज़ उठाते हैं तो किसी भी स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान संभव है।

## जिले के निजी स्कूलों में आरटीई कानून का दुरुपयोग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय दोसी ने जिले में शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही फर्जी स्कूलों और दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस शहर अध्यक्ष संजय दोसी ने बताया है कि शासन द्वारा बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा आरटीई कानून के तहत हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का अधिकार दिया गया है, लेकिन जिले में इस कानून का पुरी तरह से दुरुपयोग हो रहा है। कांग्रेस कमेटी द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि जिले में करीब 35 स्कूल केवल कागजों पर संचालित हो रहे हैं। वहीं कई स्कूल ऐसे पाए गए हैं जहां केवल बोर्ड लगाकर एक ही कमरे में नाममात्र की पढ़ाई कराई जा रही है। निर्धारित मानकों का पालन न करते हुए भी इन स्कूलों को शासन से हर साल लाखों-करोड़ों की राशि मिल रही है। शहर अध्यक्ष संजय ढोसी ने बताया कि फर्जी नाम दर्ज कर विद्यार्थियों की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई जा रही है और इसी बहाने शासन की राशि का गबन किया जा रहा है। जो शिक्षा के अधिकार कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों की कड़ाई से जांच की जाए तथा फर्जी स्कूलों और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान विमलेश तिवारी, शक्ति ठाकुर, कुंदन विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### अयोध्या जायसवाल बने छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव



**सोनगरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नव नियुक्त प्रेदेश अध्यक्ष अनिल पांडेय ने संघ की राज्य स्तरीय टीम का गठन किया हैं। सूरजपुर जिला के अयोध्या जायसवाल को प्रदेश संयुक्त सचिव का दायित्व सौपा गया हैं। श्री जायसवाल ने संरक्षक ओपी शर्मा और प्रांताध्यक्ष अनिल पांडेय द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निष्ठा, लगन से निभाने की बात कही। प्रदेश संगठन में फिर से जबाबदारी मिलने पर संभागीय अध्यक्ष श्यामाकांत तिवारी, जिला अध्यक्ष इन्द्रसेन विश्वकर्मा, विद्याचरण पटेल, नरेंद्र, मारुति नंदन, अमित चौरसिया, दलगर ,श्याम, दिनेश मिश्रा, देश राज गर्ग सहित समस्त जिला कार्यकारिणी ने अयोध्या जायसवाल का स्वागत किया गया।

## शहर की जर्जर सड़कों को लेकर सड़क सत्याग्रह ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की जर्जर और गड्ढों में तब्दील सड़कों को लेकर सड़क सत्याग्रह समिति ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। सड़क सत्याग्रह की टीम ने सांसद को डामरीकृत सड़क के स्थान पर कुछ विशेष मार्ग्रों में सीसी सड़क का निर्माण कराने का सुझाव देते हुए वर्तमान में जल्द से जल्द गड्ढों को भरने की मांग की है। सांसद ने भी सदस्यों को सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने और स्वयं मुलाकात करने का आश्वासन दिया है।

- मुख्य सड़कों के कंक्रीटीकरण का दिया सुझाव, सांसद ने केन्द्रीय मंत्री को पत्र लिखने का दिया आश्वासन




सड़क सत्याग्रह के संयोजक डाक्टर योगेंद्र सिंह गहरवार के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में स्पष्ट किया कि शहर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गड्ढों की तत्काल और टिकाऊ मरम्मत आवश्यक है। विशेषज्ञों से प्राप्त सुझाव के अनुसार गड्ढों को सीमेंट-गिट्टी मिश्रण से भरने पर मरम्मत दीर्घकालिक होगी और धूल की समस्या भी कम होगी। अनुमानित अतिरिक्त खर्च 10–20 लाख तक आएगा। शहर की मुख्य सड़कों का कंक्रीटीकरण समय की आवश्यकता है। डामर की सड़कों पर बार-बार होने वाली क्षति एवं ड्रेनेज समस्या विशेषकर दरिमा मोड़, पीजी कॉलेज से रावत रेजिडेंसी मार्ग, सदर रोड, देवीगंज रोड आदि को देखते हुए सांसद निधि तथा केंद्र से प्राप्त फंड का उपयोग कर प्रमुख सड़कों को कंक्रीट रोड में परिवर्तित करने का अनुरोध समिति ने किया है। समिति ने सांसद से आह्वान किया है कि यदि राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो सांसद स्वयं जन आंदोलन का नेतृत्व कर जनता की इस महत्वपूर्ण मांग को उच्च स्तर तक पहुंचाएं। सड़क सत्याग्रह प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद सांसद ने सड़क समस्या को गंभीरता से लेते हुए इस विषय पर तत्काल पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने दिल्ली स्थित कार्यालय के प्रतिनिधि को राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े लंबित प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का कार्य सौंपा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों से चर्चा की। सांसद ने यह भी बताया कि दरिमा मोड़ से अग्रसेन चौक, सदर रोड, महामाया चौक, देवीगंज रोड होते हुए आंबेडकर चौक से रेलवे स्टेशन तक लगभग 13 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग को कंक्रीट सड़क बनाने हेतु वे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी व्यक्तिगत मुलाकात करेंगे। इस दौरान सुजान बिंद, कृष्णानंद तिवारी, लव कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था एवं आमजनों की परेशानियों को लेकर महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र की कानून व्यवस्था और आम नागरिकों की परेशानियों को लेकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव छन्दा श्री ने शनिवार को बिश्रामपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है,बिश्रामपुर थाना प्रभारी को दिए ज्ञापन में महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव छंदा श्री द्वारा उल्लेख किया गया है कि हाल के दिनों में मोहल्लों और बाजारों में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं,इससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है, रात के समय शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

इससे सड़क दुर्घटना बढ़ रही हैं और महिलाओं की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है,कई युवक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल में अनाधिकृत तेज आवाज वाले साइलेंसर का उपयोग कर रहे हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है और बुजुर्गों, बच्चों व बीमार लोगों को परेशानी हो रही है,भारी वाहनों की लापरवाह आवाजाही से सड़क सुरक्षा खतरे में है,स्कूली बच्चों और राहगीरों को सबसे अधिक जोखिम झेलना पड़ रहा है,महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव छन्दा श्री ने कहा कि उक्त समस्याएं रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर रही हैं, इससे महिलाओं और आम नागरिकों में नाराजगी है। महिला कांग्रेस ने मांग की है कि चोरी और लूट की घटनाओं में अंकुश लगना चाहिए,शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो,अवैध साइलेंसर लगाने वाले बाइकों को जब्त किया जाए,ओवरलोड ट्रकों की स्पीड और संचालन पर नियंत्रण हो,ज्ञापन सौंपने वालों में महिला कांग्रेस की मिनी साहू, ममता यादव, स्मिता कन्हर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

राजपुर। रायपुर खेल संचालनालय में सामग्री खरीदी में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज प्रदर्शन करने वाले युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला सहित युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज होने के मामले में नगर में युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तिवारी के नेतृत्व में राजपुर धर्मशाला चौक के पास विरोध जताया गया। इस दौरान सामरी विधानसभा उपाध्यक्ष पंकज यादव, पार्षद राहुल भारती, तेज प्रताप सिंह, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, आलोक सिंह, सरजू राम, रामजीत रवि, सुखी लाल, दीपक दास, आकाश, सुरेश एक्का, बादल, विजय, देवबली टेकाम, संतोष, विकाश सहित अन्य मौजूद थे।

## दूसरे चरण के ऑल इंडिया कोटा की प्रवेश प्रक्रिया जारी

# मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई नव प्रवेशी एमबीबीएस छात्र-छात्राओं की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार से नव प्रवेशित छात्र छात्राओं की पढ़ाई शुरू हो गई है। पहले दिन कॉलेज में लगभग 55 एमबीबीएस छात्र - छात्राएं शामिल हुई। इसके साथ ही कॉलेज में ऑल इंडिया कोटा के दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो गई। दूसरे चरण के पहले दिन कुल 5 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया है।

**खास बात**
- पहले दिन लिया 5 ने एडमिशन


एडमिशन लेते अधिकारी।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस की 125 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज में स्टेट कोटा के लिए 104, ऑल इंडिया कोटा में 18 व सेंट्रल पूल कोटा में 3 सीटों का निर्धारण किया गया है। कॉलेज में 14 से 22 अगस्त तक ऑल इंडिया कोटा के लिए पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई। पहले चरण में ऑल इंडिया कोटा में कुल 4 छात्र छात्राओं ने एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश लिया जबकि स्टेट कोटा में 18 से 24 अगस्त के बीच 96 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया था। पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सोमवार से दूसरे चरण के लिए ऑल इंडिया कोटा की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई और पहले दिन 5 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया है। हालांकि पूर्व में प्रवेश लेने वाले चार छात्र छात्राओं में से एक ने कॉलेज अपग्रेड कर लिया है ऐसे में कॉलेज में वर्तमान स्थिति में ऑल इंडिया कोटा से कुल 8 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया है। प्रवेश की प्रक्रिया डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, प्रवेश समिति की अध्यक्ष डॉ. रंजना आर्या, को-ऑर्डिनेटर डॉ. परमानंद अग्रवाल, स्क्रूटनी प्रभारी डॉ. आभा एक्का की निगरानी में की गई। ऑल इंडिया कोटा के दूसरे चरण की प्रक्रिया 25 सितम्बर तक जारी रहेगी इसके साथ ही दूसरे चरण की स्टेट कोटा की प्रवेश प्रक्रिया 25 से 30 सितम्बर तक चलेगी।

### पहले दिन 55 छात्र छात्राओं ने दी उपस्थिति

इस बार विभिन्न कारणों से मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया पिछड़ गई है ऐसे में कॉलेज का सेमेस्टर भी पीछे जाने की संभावना थी लेकिन इस बार नेशनल मेडिकल कमीशन के निर्देश के तहत 22 सितम्बर से मेडिकल कॉलेजों में नव प्रवेशित एमबीबीएस छात्र छात्राओं का शैक्षणिक सत्र शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में सोमवार को मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र छात्राओं की पढाई शुरू की गई। पहले दिन कॉलेज में लगभग 55 छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पहले दिन डॉ. रंजना आर्या ने एनएमसी के गाइड लाइन के तहत कक्षाएं ली और प्रारंभिक जानकारी प्रदान की।

## खबर संक्षेप



### नाबालिग की उम्र जांच के लिए जिला जेल का किया गया निरीक्षण

**सूरजपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण में पारित निर्णय के अनुक्रम में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का त्रुटिपूर्ण उम्र निर्धारण कर जेल में निरुद्ध किए जाने की संभावना होती है। कम उम्र के बच्चे जेल में निरुद्ध न हो इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में जिले में स्थित जेल में निरुद्ध बंदियों में यदि कोई 18 वर्ष से कम आयु का है तो उम्र सत्यापन किए जाने हेतु एसडीएम की अध्यक्षता में गठित जेल निरीक्षण पैनल द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। जिला जेल में जेल के सभी बंदियों से मुलाकात करवाया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा जेल के बंदियों से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे जेल में है इस संबंध में जेल में निरुद्ध बंदियों से जानकारी ली। जेल के 1 बंदी द्वारा अपनी आयु को लेकर शंका किया गया। जिस पर पैनल द्वारा बंदी की जानकारी लेकर उसके शैक्षणिक दस्तावेज जांच कर आयु के संबंध में पुष्टि की जाएगी। अन्य किसी भी बंदियों द्वारा अपनी आयु को लेकर कोई भी शंका व्यक्त नही की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी, सलदेव सिंह आयाम, डॉ. राजेश पैंकरा, मनोज जायसवाल, संजय सोनी, राजेन्द गुप्ता, अमित भारिया, अखिलेश कुमार सिंह उपस्थित रहें।

### सेवा पखवाड़े के तहत नया बस स्टैंड में चला गया सफाई अभियान



**सूरजपुर।** अटल परिसर नया बस स्टैंड में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, मुकेश गर्ग, शशिकांत गर्ग, प्रवीण घोस, नगर पालिका सीएमओ प्रभाकर शुक्ला व स्थानीय प्रशासन, नगर निगम के कर्मचारी और लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान में शामिल लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे न केवल अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखेंगे, बल्कि दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगहों को साफ-सुथरा बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### विश्व ओजोन दिवस पर निबंध एवं चित्रकला स्पर्धा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



**अम्बिकापुर।** विश्व ओज़ोन दिवस पर अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से शासकीय हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल, ग्राम चकेरी, बासन, परसा, तारा एवं अदाणी विद्या मंदिर, साल्ही में ओजोन दिवस की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई पर निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओजोन परत के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के संदेश को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 609 छात्र-छात्राओं एवं 51 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान खीरवर प्रसाद सिंह, शोभित दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिविर में मरीजों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच




**अम्बिकापुर।** जैनमैत्री संघ के तत्वाधान में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक श्री चन्द्रप्रभु तेरापंथी दिगम्बर जैन मंदिर में किया गया। शिविर में जैन समाज के अलावा अन्य समुदाय के लोगों ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में बीएचयू के हृदय रोग विशेषज्ञ, शिविर में डॉ.अभिजीत प्रसाद, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.उत्तम कुमार सिंह ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों का खून, पेशाब जांच में 40 फीसदी तक की छूट दी गई। स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में जैन मंत्री संघ ने आगे भी निशुल्क शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इस दौरान डॉ.एमके जैन, विक्रांत जैन, राहुल जैन, रमेश जैन, डॉ.अभिजीत जैन, महावीर जैन, विकास जैन, अजीत जैन, अखिलेश दानखड़े, रूबी जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।



## शिविर में 330 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

सेवा पखवाड़ा एवं छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनपुर बंजा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 330 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का स्वागत मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, बीएमओ डॉ. राकेश सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर तथा डॉ. संध्या साहू ने तिलक व पुष्प वर्षा कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

- मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक है। गांवों में महिलाओं में खून की कमी व कुपोषण की समस्या अभी भी है। सरकार द्वारा मितानिनों, आरोग्य केंद्र व पीएचसी में सभी जांच व उपचार की व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ अवश्य ले। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने तथा संचालन महेंद्र साहू ने किया। इस दौरान डॉ. श्लोक नायक, डॉ. आरिफ अंसारी, अजय रवि, केपी. रवि, प्रशांत वर्मा, देशराज गर्ग, अमित चौरसिया, विपिन शुक्ला, किरण साहू, ज्योति सावित्री देवांगन, मंजुला पांडे सहित बीसी,एमटी मितानिन व हरिओम श्रीवास्तव संपूर्ण साहू, राजेश कुशवाहा, अविनाश दुबे, सत्येंद्र श्रीवास्तव, अमित सिंह, सुमारू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**प्रेमनगर। सेवा** पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विकास खंड प्रेमनगर के सभी ग्राम पंचायत से लोग शामिल हुए और स्वास्थ्य जांच कराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम प्रारंभ किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 296 मरीज जिसमें 19 मरीजों का नेत्र 5 मोतियाँ बिंद 55 दंत मुख, 123 गर्भवती महिलाओं, 28 शिशुओं, 46 बीपी शुगर, 3 टीवी, 22 सामान्य मरीजों की जांच एवं 5 आयुष्मान कार्ड बनवा कर दिया गया। साथ ही दवा वितरण किया गया। इस दौरान विरेन्द्र जायसवाल, विजय सिरदार, महेंद्र कुमार यादव, पनेश्वर सिरदार, राजेश्वर यादव,डॉ. तिलकेश्वर पैकरा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम डकई दरकोना निवासी जयजीत एक्का आ. स्व. सुधीर एक्का (वर्ष) 8 सितंबर को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के 4 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## व्यापारी से पौने दो लाख की ठगी आरोपी जबलपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



डिजिटल ठगी का शिकार बने नगर पंचायत शिवनंदनपुर मुख्य मार्ग निवासी बालाजी मोबाईल दुकान संचालक शैन्की मित्तल के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है,पुलिस ने आरोपी को मध्यप्रदेश के जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया है,जिसने व्यापारी को आईफोन सस्ते दाम पर उपलब्ध कराने का झांसा देकर 1,78,500 सौ रुपए की ठगी की थी,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर साईं कॉम्प्लेक्स निवासी बालाजी मोबाईल दुकान संचालक शैन्की मित्तल ने 4 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 30 अप्रैल 2025 को एक मोबाईल नंबर धारक द्वारा उसके मोबाईल नंबर पर कॉल करके मोबाईल बेचने हेतु रेट लिस्ट भेजकर 1 लाख 78 हजार 5 सौ रुपए में मोबाईल बिक्री करने का सौदा किया था,सौदे के मुताबिक प्रार्थी सैन्की मित्तल द्वारा यूपीआई के माध्यम से दो बार में कुल 1,78,500 रुपए बारकोड के माध्यम से ट्रांसफर किया गया था किन्तु उक्त मोबाईल नंबर के धारक द्वारा कोई भी मोबाईल नहीं भेजा गया,प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस, 66(घ) आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी,विवेचना के दौरान मोबाईल नंबर के आधार पर तकनीकी मदद से आरोपी के बारे में जानकारी हासिल करते हुए आरोपी विनय कुमार दवानी पिता नारायण दास दवानी निवासी सी-2 कटारिया होम,पोलीपाचर गौरीघाट वार्ड जबलपुर मध्यप्रदेश को पकड़ा गया है,पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह पूर्व में मोबाईल दुकान चलाता था,जो दिनांक 30 अप्रैल 2025 को पीड़ित दुकान संचालक का मोबाईल नंबर वाटसअप के व्यापारी ग्रुप से प्राप्त किया एवं उसे फोन कर बोला कि वह मोबाईल का थोक विक्रेता है और कम दाम में मोबाईल फोन बेचता है,पीड़ित व्यापारी को कम दाम में आई फोन देने का झांसा देकर कुल 1 लाख 78 हजार 5 सौ रुपए यूपीआई के माध्यम से प्राप्त कर ठगी से प्राप्त रकम को ऑनलाईन गेम में लगाने उपरांत खेलकर हारने और मोबाईल में लगे सीम को तोड़कर फेंक देने की बात स्वीकारी गई है,आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 1 मोबाईल फोन जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया है।उक्त कार्यवाही में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआइ प्रकाश राठौर,एएसआई विशाल मिश्रा,अविनाश सिंह व आरक्षक अखिलेश पाण्डेय सक्रिय रहे।

## विधायक उद्धेश्वरी ने ली अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन जनपद पंचायत सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में कुसमी अनुविभाग अंतर्गत शासन द्वारा कराए जा रहे सभी प्रकार के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा सभी विभाग के विभागवार निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक उपरांत जनपद पंचायत परिसर में विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की उपस्थिति में अधिकारी, कर्मचारी एवं जन प्रतिनिधि द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर पंचायत के सफाई कर्मी दीदियों के साथ मिलकर जनपद पंचायत परिसर में सफाई किया। इस दौरान एसडीएम करुण डहरिया, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, तहसीलदार रोकी एक्का, पारस शर्मा, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, महिला बाल विकास अधिकारी शारदा यादव, खाद्य निरीक्षक छबीला पैकरा, कुसमी, सामरी निरीक्षक विजय सिंह, जन्मजय सिंह, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, लक्ष्मण सिंह पैकरा, अर्जुन यादव, रमेश गुप्ता, राजेश्वर यादव, राजेश्वर गुप्ता सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## धूमधाम से मनाई गई अग्रसेन जयंती, मंत्री अग्रवाल को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। समाज के लोगों ने भव्य शोभायात्रा निकालते हुए नगर भ्रमण किया। बाजे-गाजे, आतिशबाजी और उत्साहपूर्ण वातावरण ने पूरे नगर को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल को इस अवसर पर अग्र-गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही अग्रवाल समाज से जुड़े जनप्रतिनिधियों जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सनी अग्रवाल, पार्षद गायत्री सचिन अग्रवाल को भी अग्र-गौरव सम्मान प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के मेधावी और प्रतिभावान छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को मंच पर सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष अशोक बंसल, धर्मचंद अग्रवाल, प्रेमचंद बंसल, हरविंद अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, गुलाब अग्रवाल, विजय तायल, अमन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अशोक गर्ग, राजेंद्र गर्ग, सचिव सचिन बंसल, रमेश गोयल, गोविंद गोयल, अनिल गर्ग, धर्मवीर बंसल, अंकुर बंसल, विकास मित्तल, सन्नी बंसल, सचिन गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुखदेव अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सौरभ गर्ग, उमेश अग्रवाल, अमित गर्ग, अनुज बंसल, हिमांशु बंसल, अंशु बंसल, सुनील अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



### रीजनल वर्कशॉप से ट्रांसफार्मर का तांबायुक्त कॉइल चोरी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रीजनल वर्कशॉप से बीती रात क्षेत्र में सक्रिय केबल कबाड़ चोर गिरोह के सदस्यों ने वर्कशॉप में रखे ट्रांसफार्मर से कॉपर क्वाइल निकाल कर पार कर दिया है।चोरी किए गए कॉइल की कीमत 50 हजार से अधिक बताई गई है।रीजनल वर्कशॉप के प्रबंधक धड़कन पांडेय की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305,331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना 21 सितम्बर मध्यरात्रि की बताई गई है।

## शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों व देवी धामों में पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शारदीय नवरात्रि पर मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना के साथ मंदिरों और देवी धामों में सोमवार की सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा,सुबह से ही पूजा-अर्चना, कलश स्थापना और अनुष्ठान के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया है,बताया जा रहा है कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का एक विशेष संयोग बन रहा है। सामान्यतः यह पर्व 9 दिनों का होता है,लेकिन 27 साल बाद पहली बार यह 10 दिनों तक चलेगा,नवरात्रि का समापन 1 अक्टूबर को होगा और 2 अक्टूबर को विजयदशमी मनाया जाएगा,क्षेत्र के आस्था की केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा तेलईकछार सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ी रही,श्रद्धालु माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर किए,आज सोमवार को नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री रूप की भक्तों ने पूजा अर्चना की,समलेश्वरी महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा इस घृत के 318 एवं तेल के 660 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं,इसी तरह स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर में 361 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं,यहां पर श्रद्धालुओं के भीड़ के मद्देनजर जयनगर पुलिस की तैनाती भी की गई थी, इसी तरह शारदीय नवरात्रि को लेकर नगर के बस स्टैंड संकटमोचन हनुमान मंदिर में भी मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर विधि विधान से पूजा अर्चना शुरू कर दी गई है,शारदीय नवरात्रि को लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल निर्मित हो गया है।










